# <u>जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक पोषण में डिप्लोमा</u>

# <u>Diploma in Public Health and Community Nutrition</u>

## <u>परियोजना कार्य</u>

## <u>Project Work</u>

## <u>डी0पी0एच0सी0एन0- 08</u>

## <u>D.P.H.C.N.- 08</u>

**<u>परियोजना कार्य की रूपरेखा एवं दिशानिर्देश (Guidelines for Learners)</u>**

स्वयं के क्षेत्र में चलने वाले किसी एक जन-स्वास्थ्य कार्यक्रम का अध्ययन व उसकी रिपोर्ट लिखना।

**<u>शिक्षार्थियों हेतु दिशानिर्देश</u>**

- डी0पी0एच0सी0एन0 चतुर्थ सेमेस्टर में शिक्षार्थियों को परियोजना कार्य करना अनिवार्य है। इसके लिये शिक्षार्थी को अपने अध्ययन केंद्र के शैक्षिक परामर्शदाता/विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान/खाद्य एवं पोषण विषय के संकाय सदस्यों से मार्गदर्शन प्राप्त करना होगा। इसके अतिरिक्त यदि शिक्षार्थी ने स्वयं द्वारा किसी संस्था को परियोजना कार्य हेतु चुना है तो उस स्थिति में उसे अपना परियोजना कार्य उस संस्था में कार्यरत किसी पर्यवेक्षक के निर्देशन में करना होगा।
- शिक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने परियोजना कार्य से संबंधित अध्ययन स्वयं करें। नकल किया गया परियोजना कार्य स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- परियोजना कार्य में मार्गदर्शन हेतु पर्यवेक्षक का मानदेय आपके अध्ययन केंद्र द्वारा वहन किया जायेगा। इस कार्य हेतु कोई भी अध्ययन केंद्र शिक्षार्थियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा।
- शिक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने परियोजना कार्य की दो प्रतियाँ तैयार करें जिसमें से एक विश्वविद्यालय हेतु एवं दूसरी शिक्षार्थियों के स्वयं के उपयोग के लिये होगी।
- परियोजना कार्य के प्रथम पृष्ठ पर शिक्षार्थी का नाम , एनरोलमेंट नम्बर एवं स्टडी सेंटर का पूरा पता तथा पर्यवेक्षक का पूरा नाम लिखित होना चाहिये। इसके साथ पर्यवेक्षक तथा शिक्षार्थी द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा पत्र तथा प्रमाण पत्र भी संलग्न होना चाहिये जिसका प्रारूप इस निर्देशिका के अंत में संलग्न है। शिक्षार्थी द्वारा परियोजना कार्य के साथ इन

घोषणा पत्रों को भेजना आवश्यक है। बिना संलग्नकों के साथ भेजा हुआ परियोजना कार्य स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**परियोजना कार्य के उद्देश्य**

- परियोजना कार्य के माध्यम से शिक्षार्थी द्वारा इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम से प्राप्त व्यक्तिपरक ज्ञान का व्यवहारिक अनुप्रयोग किया जा सकता है, जिससे छात्र को विषय की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी।
- इस व्यवहारिक कार्य द्वारा छात्र को अपने क्षेत्र में चल रहे मौजूदा जन-स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

**परियोजना कार्य की रूपरेखा**

शिक्षार्थी द्वारा परियोजना कार्य को निम्न उपखण्डों के अंतर्गत प्रस्तुत किया जा सकता है:

**प्रस्तावना:** इस खण्ड में शिक्षार्थी को अपने परियोजना कार्य का संक्षिप्त परिचय देना होगा।

**उद्देश्य:** इस खण्ड में शिक्षार्थी को परियोजना कार्य करने के पश्चात् प्राप्त ज्ञान के संभावित परिणाम के बारे में बताना है।

**परियोजना का मुख्य भाग**

इस खण्ड की शुरूआत में शिक्षार्थी को स्वयं अध्ययन किए गए किसी जन-स्वास्थ्य कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देनी होगी। परियोजना कार्य के अंतर्गत अध्ययन किए जा सकने वाले कार्यक्रम/संस्थाएँ निम्न प्रकार की हो सकती हैं:

1. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सर्वेक्षण
2. आंगनबाड़ी/बालवाड़ी केन्द्र
3. किसी बड़े चिकित्सालय का Dietetics विभाग
4. समुदाय में सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसी प्रकार के जन-स्वास्थ्य कार्यक्रम, रोजगारपरक कार्यक्रम, महिला अथवा शिशु कल्याण कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में कार्य कर रहे किसी गैर सरकारी/निजी संस्थानों का अध्ययन, खाद्यान्न वितरण

योजना का अध्ययन आदि जैसे मध्याह्न भोजन योजना, समन्वित बाल विकास योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं बच्चों का विकास, किशोरी शक्ति योजना आदि।

शिक्षार्थी को कार्यक्रम से संबंधित पूर्व में संग्रहित साहित्य की समीक्षा अथवा एकत्रित साहित्य का समालोचनात्मक मूल्यांकन करना होगा। जैसे शिक्षार्थी यदि मध्याह्न भोजन योजना की चर्चा कर रहा है तो वह इससे संबंधित प्रासंगिक साहित्य संग्रहित कर सकता है तथा इस कार्यक्रम का विस्तृत विश्लेषण कर सकता है।

तत्पश्चात् किए गए अध्ययन की जानकारी देनी होगी जैसे यह कार्यक्रम कहाँ चल रहा है, किस प्रकार की सेवाएँ प्रदान कर रहा है, कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लक्षित समूह कौन से हैं, कार्यक्रम के यदि कोई निर्धारित लक्ष्य हैं तो उनका वर्णन कीजिए तथा कार्यक्रम सरकार के जिस मंत्रालय, विभाग द्वारा पोषित है उसका भी वर्णन करें। इस कार्यक्रम द्वारा सामुदायिक स्तर पर हो रहे प्रभावों/लाभों का विस्तृत वर्णन करें।

इस खण्ड में आप कार्यक्रम द्वारा किए गए कार्यों के सरकारी/निजी आंकड़ों को भी प्रस्तुत करेंगे जिससे होने वाला प्रभाव अधिक स्पष्ट हो सके।

कार्य के अध्ययन के दौरान तस्वीरें भी लेनी होंगी जिसे अपनी रिपोर्ट में प्रस्तुत करना होगा। कार्यक्रम से संबंधित अन्य उपयोगी जानकारी/आंकड़े भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

**सारांश**

परियोजना कार्य के अंतिम खण्ड को आप सारांश का रूप दे सकते हैं। संपूर्ण अध्ययन कार्य का सार लिखें तथा अपने अनुभवों की विस्तारपूर्वक चर्चा करें। रिपोर्ट के अंत में आप संग्रहित साहित्य की संदर्भ सूची दे सकते हैं तथा आपके कार्य में मदद प्रदान करने वाले व्यक्तियों का आभार व्यक्त कर सकते हैं।

परियोजना कार्य के मुख्य पृष्ठ (Cover Page) का प्रारूप

# परियोजना कार्य का शीर्षक

## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

## की

## जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक पोषण में डिप्लोमा

## उपाधि हेतु

## प्रस्तुत परियोजना कार्य

(डी0पी0एच0सी0एन0-08)

**शिक्षार्थी का नाम**

**नामांकन संख्या**

**पर्यवेक्षक का नाम**

**तिथि एवं वर्ष**

**अध्ययन केंद्र का नाम एवं पता**

# ***Declaration***

*I hereby declare that the project work entitled…………………………………………………………*
*…………………………………………………………………………………………………………………*
*……………………………………(Write the title of the project work) submitted by me for the partial fulfillment of the Diploma in Public Health and Community Nutrition to Uttarakhand Open University is my original work and has not been submitted to any other institution for the fulfillment of the requirement for any other programme of study. I also declare that no chapter of this manuscript in whole or in part is lifted and incorporated in this report from any earlier work done by me or others.*

*Signature: ………………………………………*
*Enrollment No. ……………………………………*
*Name: ………………………………………………*
*Address: ……………………………………………*
*…………………………………………………………..*
*……………………………………………………………*

*Date:*
*Place:*

## ***Certificate***

(To be filled by the supervisor)

*This is to certify that Mr. /Ms. ………………………………………………………………………… student of Diploma ion Public Health and Community Nutrition from Uttarakhand Open University has done his/her project work under my supervision and guidance for DPHCN-08. His/ Her Project work entitled …………………………………………………………………………*

*…………………………………………………………………………………………………….*

*which he/she is submitting, is his/her genuine and original work.*

*Signature: ……………………………………….*

*Name: ………………………………………….*

*Address: ……………………………………......*

*……………………………………………………......*

*…………………………………………………….*

*Phone No. and E mail ID: ……………………………*

*Date:*

*Place:*